# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19-12-23 | 3 | 4-5 |

## छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता : प्रो. बीआर काम्बोज



भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। ये विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। ज्ञात रहे कि विवि के अनेक विद्यार्थियों ने गिरी सेंटर में स्थापित टेबल टेनिस, लोन टेनिस, सिनथेटिक्स एथलीट ट्रेक, बॉक्सिंग, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन हॉल व हॉकी मैदान सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि अपने सपनों को उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक विचार व ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर पाते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.12.23 | 4 | 6-8 |


# एचएयू में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : प्रो. कांबोज

संवाद न्यूज एजेंसी



एचएयू हिसार में जिम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

हिसार। एचएयू के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। यह कहना है विवि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज का। वे विवि के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देश्यीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सपनों को उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक विचार व ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे

## शहीद ढींगड़ा बहुउद्देश्यीय हॉल में वातानुकूलित जिम का उद्घाटन

विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने सपने को साकार कर पाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित जिम का लाभ उठा अपने शरीर को स्वस्थ रखें।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस जिम में उपलब्ध सुविधाएं बताई। कहा कि विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम के कार्डियो सेक्शन में ट्रेडमिल, क्रॉस ट्रेनर शामिल है, जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग में मल्टीप्रेस, सीटिंग रो, लेग इक्सटेंशन, बाई सेप कर्ल, लेग प्रेस, चेस्ट प्रेस, हिप संबंधित व्यायाम के लिए मशीनें उपलब्ध हैं। वहां विभिन्न प्रकार की डम्बल, वेट प्लेट सहित ओलंपिक रॉड भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, विद्यार्थियों सहित सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुशील लेगा, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. बलजीत गिरधर उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 19-12-23 | 11 | 3-7 |

### कुलपति ने किया शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम का उद्घाटन

# खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कही। कुलपति ने



हिसार। बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

वातानुकूलित जिम का उद्घाटन कर इसमें जुटाई गई समस्त सुविधाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने गिरी सेंटर में स्थापित टेबल टेनिस, लोन टेनिस, सिनथेटिक्स एथलीट ट्रेक, बॉक्सिंग, फुटबाल, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन हॉल व हॉकी मैदान सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सपनों को उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता।

### ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को होगी उपलब्ध

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने उपरोक्त जिम में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम के कार्डियो सैक्शन में ट्रेडमिल, क्रॉस ट्रेनर शामिल है, जबकि स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग में मल्टीप्रेस, सीटिंग रो, लेग इक्सटेंशन, बाई सेप कर्ल, लेग प्रेस, चेस्ट प्रेस, हिप संबंधित व्यायाम के लिए मशीनें उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के साथ जिम में विभिन्न प्रकार की डम्बल, वेट प्लेट सहित ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19-12-23 | 4 | 4 |


# छात्रों को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता : प्रो. काम्बोज

हिसार, 18 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। ये विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

कुलपति ने इसमें जुटाई गई समस्त सुविधाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने गिरि सैंटर में स्थापित टेबल टैनिस, लोन टैनिस, सिनथैटिक्स एथलीट ट्रैक, बॉक्सिंग, फुटबाल, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन हॉल व हॉकी मैदान सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स न्यूज | 18.12.2023 | -- | -- |

# कुलपति ने ढींगड़ा हाल में किया वातानुकूलित जिम का उद्घाटन



वातानुकूलित जिम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। ये विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। विद्यार्थियों को अपने सपनों को उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थियों के भीतर साकारात्मक विचार व ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने सपने को साकार कर पाते हैं।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि इन सुविधाओं के साथ जिम में विभिन्न प्रकार की डम्बल, वेट प्लेट सहित ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, विद्यार्थियों सहित सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुशील लेगा, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर उपस्थित रहे।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 18.12.2023 | -- | -- |


# हकृवि के छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता : प्रो. काम्बोज

## कुलपति ने किया शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम का उद्घाटन



समस्त हरियाणा न्यूज


हिसार, 18 दिसंबर। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। ये विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने वातानुकूलित जिम का उद्घाटन कर इसमें जुटाई गई समस्त सुविधाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने गिरी सेंटर में स्थापित टेबल टेनिस, लोन टेनिस, सिनथेटिक्स एथलीट ट्रेक, बॉक्सिंग, फुटबाल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन हॉल व हॉकी मैदान सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सपनों को उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थियों के भीतर साकारात्मक विचार व ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित जिम का लाभ उठाते हुए अपने शरीर को स्वस्थ रखें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने उपरोक्त जिम में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम के कार्डियो सैक्शन में ट्रेडमिल, क्रॉस ट्रेनर शामिल है, जबकि स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग में मल्टीप्रेस, सीटिंग रो, लेग इक्सटेंशन, बाई सेप कर्ल, लेग प्रेस, चेस्ट प्रेस, हिप संबंधित व्यायाम के लिए मशीनें उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के साथ जिम में विभिन्न प्रकार की डम्बल, वेट प्लेट सहित ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, विद्यार्थियों सहित सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुशील लेगा, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 18.12.2023 | -- | -- |

# हकृवि में छात्रों को मिलेगी वातानुकूलित जिम की सुविधा, कुलपति ने किया उद्घाटन

पांच बजे न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। ये विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने वातानुकूलित जिम का उद्घाटन कर इसमें जुटाई गई समस्त सुविधाओं की सराहना की। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने गिरी सेंटर में स्थापित टेबल टेनिस, लोन टेनिस, सिंथेटिक्स एथलेटिक ट्रैक, बॉक्सिंग, फुटबाल, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन हॉल व हॉकी मैदान सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सपनों की उड़ान देने के लिए पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक विचार व ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने सपने को साकार कर पाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित जिम का लाभ उठाते हुए अपने शरीर को स्वस्थ रखें।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने उपरोक्त जिम में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में स्थापित वातानुकूलित जिम के कार्डियो सैक्शन में ट्रेडमिल, क्रॉस ट्रेनर शामिल है, जबकि स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग में मल्टीप्रेस, सीटिंग रो, लेग इक्सटेंशन, बाई सेप कर्ल, लेग प्रेस, चेस्ट प्रेस, हिप संबंधित व्यायाम के लिए मशीनें उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के साथ जिम में विभिन्न प्रकार की डम्बल, वेट प्लेट सहित ओलंपिक राड भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, विद्यार्थियों सहित सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुशील लेगा, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर उपस्थित रहे।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 18.12.2023 | -- | -- |



## हिसार: छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता: कुलपति कम्बोज

14hr · 1 shares



कुलपति ने किया शहीद मदन लाल ढींगरा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम का उद्घाटन

हिसार, 18 दिसंबर (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल शिक्षा स्तर पर अपितु उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है।

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान दें। वे सोमवार को शहीद मदन लाल ढींगड़ा बहुउद्देशीय हॉल में वातानुकूलित जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के बाद उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 18.12.2023 | -- | -- |

## हकृवि के विभिन्न पीएचडी कोर्सों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

### कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



पाठकपक्ष न्यूज


हिसार, 18 दिसम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज रविवार को विभिन्न पीएचडी कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्य परिसर में बने परीक्षा केंद्र पर पुख्ता प्रबंध किए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उनके साथ दौरे में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार भी उपस्थित रहे। आज जिन पीएचडी कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रोनॉमी, एंटोमोलॉजी, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, हॉर्टिकल्चर, नेमाटोलॉजी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, प्लांट पैथोलॉजी, सीड साइंस एवं टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजिटेबल साइंस, एग्री. मेटीयोरोलॉजी, फोरेस्ट्री, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट; मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में केमिस्ट्री, बॉयोकेमिस्ट्री, प्लांट फिजियोलॉजी, इनवायरोमेंटल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, जूलोजी, सोशियोलॉजी, स्टैटिस्टिक्स, फिजिक्स, मैथमेटिक्स व फूड साइंस एंड टैक्नोलॉजी; बायोटैक्नोलॉजी महाविद्यालय में मोलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बॉयोटैक्नोलॉजी व बायोइन्फोर्मेटिक्स; सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में फूड्स एंड न्यूट्रीशन, एपैरेल एंड टैक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस; कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कंजर्वेशन इंजीनियरिंग और मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक्वाकल्चर, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी व एक्वाटिक एनीमल हैल्थ मैनेजमेंट शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में परिसर में परीक्षा केंद्र बनाया था। इस प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी भी की गई।

**कुल 76 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, जिनमें 65 प्रतिशत छात्राएं व 35 प्रतिशत छात्र शामिल रहे**

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 76 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 65 प्रतिशत छात्राएं और 35 प्रतिशत छात्र शामिल रहे। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर नियमित रूप से चेक करते रहें।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 18.12.2023 | -- | -- |



हिसार : एचएयू के विभिन्न पीएचडी कोर्सों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

1d · 1 shares



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हिसार, 17 दिसंबर (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न पीएचडी कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्य परिसर में बने परीक्षा केंद्र पर पुख्ता प्रबंध किए थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उनके साथ दौरे में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में परिसर में परीक्षा केंद्र बनाया था। इस प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी भी की गई। इसमें कुल 76 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, जिनमें 65 प्रतिशत छात्राएं व 35 प्रतिशत छात्र शामिल रहे।